


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शुक्रवार, 27 फरवरी-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 159 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया








# केजरीवाल, सिसोदिया बरी

## शराब घोटाले में सुबूत नहीं पेश कर पायीं सुरक्षा एजेंसियां

- ईडी, सीबीआई के आरोप पत्र में पायी गयी कई खामियां
- सीबीआई ने साजिश की कहानी गढ़ने की कोशिश की
- 23 आरोपितों में से किसी के भी खिलाफ कोई मामला नहीं बनता



**नई दिल्ली।** शराब घोटाला केस में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शुक्रवार को आप नेता अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को सीबीआई केस में सभी आरोपों से बरी कर दिया है। कोर्ट ने कहा-बिना सबूत के आरोप साबित नहीं होता है। न्यायाधीश जितेंद्र सिंह फैसला सुनाया कि आबकारी नीति में कोई व्यापक साजिश या आपराधिक इरादा नहीं था। सुनवाई में सीबीआई ने अदालत में दावा किया कि पहली चार्जशीट और पूरक आरोप पत्र में साजिश के पर्याप्त आधार मौजूद हैं, जबकि पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया समेत कुल 23 आरोपियों की ओर से आरोपों को निराधार बताया था। सीबीआई का आरोप है कि साउथ लॉबी ने दिल्ली की आबकारी मामला अपने पक्ष में कराने के लिए 100 करोड़ रुपये की रिश्वत दी थी। अरविंद केजरीवाल की ओर से वरिष्ठ वकील ने तर्क दिया था कि उनके खिलाफ कोई ठोस सबूत नहीं है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल मुख्यमंत्री के तौर पर अपनी आधिकारिक जिम्मेदारियां निभा रहे थे और उन्हें किसी भी तरह की रिश्वत मांगने या लेने से जोड़ने वाला कोई प्रमाण नहीं है। उन्होंने यह भी कहा था कि केजरीवाल का नाम पहली चार्जशीट और तीन पूरक चार्जशीट में नहीं था, बल्कि चौथी पूरक चार्जशीट में जोड़ा गया, जो पहले की चार्जशीट का दोहराव है। बहस के दौरान अप्रूवर बने राघव मगुंटा के बयान का भी जिक्र हुआ था। बचाव पक्ष ने कहा कि ऐसा कोई सीधा लिंक नहीं है जिससे साबित हो कि केजरीवाल ने किसी से पैसे लेने को कहा था। अदालत ने कहा कि सीबीआई ने साजिश की कहानी गढ़ने की कोशिश की, लेकिन अभियोजन पक्ष का सिद्धांत मात्र अनुमान है। अदालत ने निष्कर्ष निकाला कि 23 आरोपितों में से किसी के भी खिलाफ प्रथम दृष्टया कोई मामला नहीं बनता है। अदालत में सुरक्षा एजेन्सियों द्वारा दाखिल किए गए आरोप पत्र में कई खामियां पायी गयीं। अदालत ने सभी आरोपियों को बरी कर दिया गया। बताते चलें कि अरविंद केजरीवाल शराब घोटाला केस में जमानत पर थे। वे 13 जुलाई, 2024 को जेल से बाहर आए थे। इसी दिन सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें इसी मामले से जुड़े CBI केस में जमानत दी थी। शराब घोटाला मामले में केजरीवाल के खिलाफ ED और CBI दोनों जांच एजेंसियों ने केस दर्ज किया था। ED ने उन्हें 21 मार्च, 2024 को अरेस्ट किया था। इसके बाद 26 जून को CBI ने जेल से ही उन्हें हिरासत में ले लिया था। ED मामले में उन्हें सुप्रीम कोर्ट से 12 जुलाई को जमानत मिली थी।

## फाइटर हेलिकॉप्टर प्रचंड में उड़ान भरने वाली मुर्मू पहली राष्ट्रपति



**जैसलमेर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को जैसलमेर एयरफोर्स स्टेशन से स्वदेशी लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर (LCH) प्रचंड में उड़ान भरी। वे हेलिकॉप्टर प्रचंड में बतौर को-पायलट उड़ान भरने वाली देश की पहली राष्ट्रपति हैं। राष्ट्रपति ने उड़ान के दौरान हेलिकॉप्टर के कॉकपिट से सैल्यूट किया। राष्ट्रपति मुर्मू इससे पहले लड़ाकू विमान सुखोई और राफेल में उड़ान भरने वाली देश की पहली राष्ट्रपति बनी थीं। राष्ट्रपति मुर्मू सुबह करीब 9:15 बजे जैसलमेर वायुसेना स्टेशन पहुंची थीं। सेना के अधिकारियों ने उन्हें हेलिकॉप्टर के बारे में ब्रीफिंग दी। इसके बाद राष्ट्रपति हेलिकॉप्टर के कॉकपिट में बैठीं। फिर सुबह करीब 10.15 बजे ग्रुप कैप्टन एन.एस. बहुआ के साथ हेलिकॉप्टर में उड़ान भरी। हेलिकॉप्टर में 25 मिनट उड़ान के दौरान राष्ट्रपति ने सीमावर्ती क्षेत्रों और पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज का हवाई जायजा लिया।

## युद्धपोत अंजदीप नौसेना में शामिल



चेन्नई। भारतीय नौसेना की समंदर में ताकत बढ़ चुकी है। नौसेना को एक और पनडुब्बी रोधी युद्धपोत अंजदीप मिल गया है। उथले पानी में काम करने की क्षमता वाले आठ पनडुब्बी रोधी युद्धपोतों की श्रृंखला का यह तीसरा युद्धपोत 27 फरवरी को चेन्नई में नौसेना में शामिल किया गया। इस समारोह में नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी शामिल हुए। यह जहाज कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) ने स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित किया है। यह पोत 'डॉल्फिन हंटर' के रूप में कार्य करने के लिए डिजाइन किया गया है, जिसका मुख्य उद्देश्य तटीय क्षेत्रों में दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाना, उनका पीछा करना और उन्हें नष्ट करना है। यह पोत स्वदेशी, अत्याधुनिक पनडुब्बी रोधी युद्ध प्रणाली से लैस है। चेन्नई बंदरगाह पर आयोजित एक आधिकारिक समारोह में एडमिरल त्रिपाठी ने नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों, सरकारी अधिकारियों और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में औपचारिक रूप से जहाज को कमीशन किया।

## कोलकाता में भूकंप के झटके

नई दिल्ली। कोलकाता में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। भूकंप इतना तेज था कि लोग अपने घरों और ऑफिस से बाहर निकलकर सड़कों पर आ गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.0 मापी गई है। ये भूकंप आज शुक्रवार, 27 फरवरी की दोप्हर करीब 1 बजकर 22 मिनट पर आया। इस भूकंप का केंद्र भारत-बांग्लादेश बॉर्डर के पास बांग्लादेश में 3 किलोमीटर अंदर था। कोलकाता में जब भूकंप आया, तब केंद्रीय राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार एक सभा को संबोधित कर रहे थे। सुकांत मजूमदार ने अपने संबोधन के दौरान ही भूकंप के झटके महसूस किए।

## बंगाल एसआईआर पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने की अहम टिप्पणी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि न तो चुनाव आयोग और न ही राज्य सरकार हमारे आदेशों का उल्लंघन करेगी। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि हमने स्पष्ट कर दिया है कि किन दस्तावेजों की जांच की जानी है। हमारे आदेश बिलकुल स्पष्ट हैं। सुप्रीम कोर्ट में पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से बताया गया कि चुनाव आयोग ने राज्य में मतदाता सूचियों के एसआईआर में तैनात न्यायिक अधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी किया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर टिप्पणी की कि वह अपने न्यायिक अधिकारियों को जानता है और वे किसी भी चीज से प्रभावित नहीं होंगे।

## सोना आज 1,065 बढ़कर 1.59 लाख पर पहुंचा चांदी 2.61 लाख किलो

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी के दाम में आज 27 फरवरी को तेजी है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,065 रुपए बढ़कर 1.59 लाख पहुंच गया है। वहीं, एक किलो चांदी 7,233 रुपए बढ़कर ?2.61 लाख पर पहुंच गई है। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 25,892 रुपए और चांदी 37,480 रुपए महंगी हो चुकी है। इस दौरान 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑलटाइम हाई भी बनाया था।

## योगी ने दिए निर्देश होली से पहले करें भुगतान, तीन मार्च को भी छुट्टी रहेगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सभी कर्मचारियों का वेतन होली से पहले देने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि आउटसोर्सिंग / संविदाकर्मी/ सफाईकर्मी आदि सभी कर्मियों के वेतन का भुगतान होली के पहले कर दिया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही 3 मार्च को भी होली का अवकाश रहेगा। वहीं, 28 फरवरी शनिवार को कार्यदिवस घोषित किया गया है जबकि 2,3 और 4 मार्च को होली का अवकाश रहेगा।

## चंडीगढ़ में स्कूलों और सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी



**चंडीगढ़।** आज सुबह शहर में उस समय हड़कंप मच गया जब ईमेल के जरिए कई शिक्षण संस्थानों और एक सरकारी भवन को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। धमकी भरे मेल में डीपीएस स्कूल, संत कबीर स्कूल, विवेक हाई स्कूल सेक्टर-38 के साथ-साथ पंजाब सचिवालय को निशाना बनाने की बात कही गई है। मेल में अगले दो दिनों के भीतर बम धमाके करने की चेतावनी भी दी गई है। जिसके बाद सुरक्षा एजेंसियां हरकत में आ गईं। एहतियातन स्कूल परिसरों को खाली कराया गया।

## क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता का निधन


**ग्रेटर नोएडा।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का शुक्रवार सुबह करीब 4.36 बजे निधन हो गया है। उन्हें चौथे स्टेज का लिवर कैंसर था। बीते मंगलवार को उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई थी, पिता की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलते ही रिंकू सिंह मंगलवार को टीम इंडिया का साथ छोड़कर घर लौट आए थे।

## तमिलनाडु की राजनीति में बड़ा उलटफेर

- चुनाव से पहले पूर्व सीएम पन्नीरसेल्वम DMK में शामिल



**चेन्नई।** तमिलनाडु की राजनीति में आज बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम ने सत्तारूढ़ दल डीएमके का दामन थाम लिया है। तमिलनाडु के पूर्व सीएम और एआईएडीएमके से निष्कासित नेता ओ पन्नीरसेल्वम (ओपीएस) द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (डीएमके) में शामिल हो गए। ओपीएस के साथ उनके बेटे पी रवींद्रनाथ कुमार भी डीएमके में शामिल हुए हैं। पूर्व एआईएडीएमके सुप्रीमो जयललिता के लंबे समय से वफादार रहे ओपीएस को मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने चेन्नई स्थित पार्टी मुख्यालय में वरिष्ठ मंत्रियों की उपस्थिति में औपचारिक रूप से डीएमके में शामिल किया। सूत्रों के अनुसार आगामी चुनावों में ओपीएस को उनके गृह क्षेत्र थेनी के बोडी मेट्टू निर्वाचन क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया जा सकता है। वहीं डीएमके में शामिल होने के बाद ओ. पन्नीरसेल्वम ने कहा, 'स्टालिन लोगों को अच्छा शासन दे रहे हैं और लोग इसे देख रहे हैं। ईपीएस यह पक्का करना चाहते हैं कि दक्षिण से कोई भी नेता मजबूत न हो। द्रविड़ आंदोलन, द्रविड़ की नीति को बचाने के लिए डीएमके ही काम कर रही है। मैं अभी एक कैडर के तौर पर शामिल हुआ हूं।




# अफगानिस्तान-पाकिस्तान में जंग शुरू!

## काबुल और कंधार पर बमबारी, ऑपरेशन गजब लिल-हक में 133 की मौत

- अफगान ने किया फाइटर जेट विमान मार गिराने का दावा



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान पर तालिबान के हमले के बाद अब खुली जंग का एलान हो चुका है। अफगानिस्तान के हमलों के बाद तिलमिलाए पाकिस्तान ने खुली जंग का एलान कर दिया है। पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान के कंधार और काबुल सहित कई प्रमुख शहरों पर बमबारी की। करीब दो घंटे तक चले हवाई हमलों में पाकिस्तान ने 133 अफगान लड़कों को मारने का दावा किया है। इस बीच पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा एम. आसिफ ने तालिबान को सोशल मीडिया पर कड़ी चेतावनी देते हुए उसे भारत का मोहरा तक बता दिया। पाकिस्तान ने ऑपरेशन 'गजब-लिल-हक' में 133 की मौत का दावा किया है। 200 से अधिक घायल हुए हैं। इन अभियानों में तालिबान के 27 ठिकाने नष्ट कर दिए गए हैं और नौ ठिकानों पर कब्जा कर लिया गया है। अपने एक्स पोस्ट में अफगानिस्तान को धमकी देते हुए पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने खुली जंग का एलान किया। साथ ही धमकी भरा बयान जारी करते हुए कहा कि हमारे सब्र का प्याला भर चुका है। अब हमारे और आपके बीच खुला युद्ध छिड़ गया है। अब दमा दम मस्त कलंदर होगा। इतना ही नहीं उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान की सेना समुद्र पार से नहीं आई है। हम आपके पड़ोसी हैं, हम आपकी हर छोटी-बड़ी बात जानते हैं। इस दौरान अफगानिस्तान ने एक पाकिस्तानी फाइटर जेट को मार गिराए जाने का दावा किया है। अफगानिस्तान की टोलो न्यूज ने दावा किया कि तालिबान सेना ने पाकिस्तान के एक लड़ाकू विमान को मार गिराया है। हालांकि यह साफ नहीं किया गया कि यह कौन-सा विमान था।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 30.2°C
● तापमान न्यूनतम : 14.2°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14
वाराणसी, 27 फरवरी, शुक्रवार, 2026 (3)





# मसाने की होली पर गहराया संकट

## डोमराजा परिवार ने परम्परा को ठहराया अनुचित, प्रशासन से की रोकने की मांग

**● चिता-भस्म की होली खेली गयी तो शवों को आग देना बंद कर दिया जाएगा**

**● अगर भीड़ श्मशान घाट पर पहुंची तो इसके लिए प्रशासन जिम्मेदार होगा**



**वाराणसी।** काशी में इस वर्ष चिता भस्म की होली खेलने को लेकर संकट के बादल छा गए हैं। डोमराजा परिवार के सदस्य विश्वनाथ चौधरी और काशी करवट के अजय शर्मा ने मसाने की होली परंपरा की निंदा करते हुए पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि चिता भस्म की होली को तुरंत रोका जाए। डोमराजा परिवार ने चेतावनी दी कि यदि भारी भीड़ मसान घाट पर पहुंची और चिता भस्म की होली खेली गई, तो यह प्रशासन की लापरवाही होगी। इस स्थिति में डोमराजा परिवार चिता में आग देना बंद कर अपना विरोध प्रकट करेगा। उन्होंने कहा कि इस मामले की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। विश्वनाथ चौधरी ने कहा कि यह परंपरा समाज में गलत संदेश भेजती है और इसे समाप्त किया जाना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से अपील की कि इस परंपरा को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। अजय शर्मा ने भी इस परंपरा की निंदा करते हुए कहा कि यह धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाती है और इसे समाप्त करने की आवश्यकता है। इस विवाद ने काशी में होली के उत्सव को लेकर नई बहस छेड़ दी है। डोमराजा परिवार का कहना है कि चिता भस्म की होली खेलना न केवल अनुचित है, बल्कि यह मृतकों के प्रति भी असम्मान है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि इस परंपरा को समाप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो। काशी में होली का पर्व हमेशा से विशेष महत्व रखता है, लेकिन इस बार चिता भस्म की होली को लेकर उठे विवाद ने इस पर्व की गरिमा को प्रभावित किया है। डोमराजा परिवार का यह कदम इस बात का संकेत है कि समाज में परंपराओं को लेकर जागरूकता बढ़ रही है और लोग अब ऐसी परंपराओं के खिलाफ आवाज उठाने लगे हैं जो समाज में नकारात्मक प्रभाव डालती हैं।

### हरिश्चंद्र घाट पर मसाने की होली

**वाराणसी।** वाराणसी के हरिश्चंद्र घाट पर शुक्रवार दोपहर मसाने की होली खेली जा रही है। बाबा मसाननाथ के अभिषेक और आरती के बाद भस्म की होली शुरू हुई। लोग डीजे पर बज रहे भजन और गानों पर नाच रहे हैं। हरिश्चन्द्र घाट पर बड़ी संख्या में लोग अघोर वेश भूषा में पहुंचे हैं। घाट पर चिता की राख और अबीर-गुलाल के साथ होली खेली जा रही है। कुछ लोग शरीर पर चिता भस्म लपेटे और गले में नरमुंडों की माला पहन कर पहुंचे हैं। मसाने की होली देखने के लिए देशभर से हजारों लोग काशी पहुंचे हैं। बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भी घाट पर नजर आ रहे हैं। सुरक्षा के लिहाज से काफी पुलिस बल तैनात किया गया है।

### असमंजस में जनता संशय में प्रशासन

काशी में चिता भस्म की होली पर उठे विवाद ने एक नई चर्चा को जन्म दिया है, जिसमें धार्मिक और सामाजिक पहलुओं पर विचार किया जा रहा है। हालांकि चिता-भस्म की होली खेलने और इसे रोकने को लेकर दोनों ही पक्षों की ओर से वाद प्रतिवाद के बीच प्रशासन की ओर से अभी तक कुछ भी स्पष्ट नहीं होने से आम जनता में भी असमंजस की स्थिति है।

# होली के उमंग में डूबी काशी



**● रंगभरी एकादशी से रंगोत्सव की शुरूआत**

**● महादेव और गौरा का दर्शन करने पहुंचे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष**

**वाराणसी।** वाराणसी में रंगभरी एकादशी का पावन पर्व पूरे श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बाबा विश्वनाथ और मां गौरा की चल प्रतिमा पारंपरिक पालकी में सवार होकर निकाली गई, जहां आज उनका गौना संस्कार कराया जाएगा। रंगभरी एकादशी के मौके पर महंत आवास पर पालकी में सवार बाबा विश्वनाथ और माता गौरा के दर्शन करने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पहुंचे। इस दौरान उनके साथ महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे भी मौजूद रहे। पूरे शहर में धार्मिक उल्लास का माहौल बना हुआ है। काशी की प्राचीन परंपरा के अनुसार यह उत्सव होली पर्व की शुरुआत का भी प्रतीक माना जाता है, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में विशेष सुरक्षा और व्यवस्थाएं की गई हैं। रंगभरी एकादशी पर भक्तों को महादेव की चल प्रतिमा के साथ होली खेलने के लिए आमंत्रित किया गया है। वर्षों पुरानी परंपरा के तहत बाबा की प्रतिमा बाहर से लाई जाती है। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस बार श्रद्धालुओं की संख्या 64 तक सीमित रखी गई है, ताकि आयोजन सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

### नमामि गंगे ने गंगा किनारे महादेव संग खेली होली

**वाराणसी।** रंगभरी एकादशी के पावन पर्व पर शुक्रवार को गंगा किनारे गंगा सेवकों ने महादेव संग खूब होली खेली। गंगातट पर प्राचीन बड़े महादेव सहित द्वादश ज्योतिर्लिंग अबीर-गुलाल से सराबोर रहे। नमामि गंगे गंगा विचार मंच के जिला संयोजक शिवम अग्रहरि के संयोजन में गायघाट पर देवाधिदेव महादेव के विग्रहों को गंगाजल से स्नानादि के बाद पुष्पहार, धूप दीप, नैवेद्य आदि अर्पित की गई। महादेव को हर्बल अबीर, गुलाल समर्पित करने के साथ ही काशी में रंगोत्सव का आगाज हो गया। विविध रंगों के मेल से रंगोली आर्टिस्ट चांदनी विश्वकर्मा ने आकर्षक रंगोली में बाबा श्री काशी विश्वनाथ व माता गौरा की सुंदर कलाकृति बनाई।

## राजकीय बाल गृह में निराश्रित बच्चों से मिलीं राज्यपाल




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने गुरुवार महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय बाल गृह बालिका रामनगर का निरीक्षण कर वहां की बालिकाओं के साथ संवाद किया। इस अवसर पर बालिकाओं के साथ संवाद करते हुए राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने उनके द्वारा साझा किए गए सफलता की कहानी का उल्लेख करते हुए कहा कि महिला कल्याण विभाग बालिकाओं के विकास के लिए अच्छा कार्य कर रही है। उन्होंने संस्था की विजिटिंग डॉक्टर से बालिकाओं के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

## कीनाराम आश्रम से निकली शिव बारात



**वाराणसी।** धर्म नगरी वाराणसी के रवींद्रपुरी स्थित बाबा कीनाराम आश्रम से धूमधाम के साथ शिव बारात निकाली गई। इस अवसर पर डमरू की गूंज, शंखनाद और हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा। भक्त पारंपरिक वेशभूषा में बाराती बनकर नाचते-गाते नजर आए। बारात में विभिन्न प्रकार के झांकियों का प्रदर्शन किया गया, जो भगवान शिव की महिमा को दर्शाते थे। भक्तों ने अपने हाथों में त्रिशूल और अन्य धार्मिक प्रतीक लेकर चल रहे थे, जिससे वातावरण में भक्ति का संचार हो रहा था। इस शोभायात्रा का आयोजन हर साल मसान की होली यानी रंगभरी एकादशी के अवसर पर किया जाता है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**खुली ई–निविदा सूचना**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत् है:– **ई–निविदा संख्या: NER-LJN-2026-40; कार्य का नाम:** NER-LJN डिवीजन–20000 से अधिक टीवीयू वाले 6 एलसी गेटों के इंटरलॉकिंग के संबंध में 04 एलसी गेटों (25/C और 26/C (CM-ANDN), 19/C (PJ-CM) और 91/C (BNY-PPW)] पर S&T गेट बिल्डिंग का प्रावधान।; **अनुमानित लागत (₹):** ₹1,13,65,256.49; **अग्रिम धन (₹):** ₹2,06,800/-; **समापन अवधि:** 09 माह; **1.** उपरोक्त ई–निविदा संख्या **NER-LJN-2026-40** के लिए ई–निविदा दिनांक 19.03.2026 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।
**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग**
**मुजाधि/डब्ल्यू–485** **लखनऊ**
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## भारत-यूरोपीय संघ ने लगायी कार्यशाला



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** उत्तर प्रदेश सेवायोजन निदेशालय द्वारा विदेश मंत्रालय, भारत सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार तथा यूरोपीय संघ के सहयोग से प्रवासन एवं गतिशीलता पर सहयोग एवं संवाद परियोजना (चरण-द्वितीय) के अंतर्गत 'उत्तर प्रदेश के साथ भारत-यूरोप अवसरों का समन्वय' विषय पर एक राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को एक होटल में किया गया। जिसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश के युवाओं, विद्यार्थियों एवं संबंधित हितधारकों को यूरोपीय देशों में सुरक्षित, वैध एवं नैतिक रोजगार तथा शिक्षा के अवसरों के संबंध में जागरूक करना तथा राज्य स्तर पर संस्थागत समन्वय को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश सरकार के श्रम, सेवायोजन एवं समन्वय मंत्री अनिल राजभर द्वारा किया गया। मंडलायुक्त एस. राजलिंगम द्वारा प्रदेश सरकार के प्रयासों को रेखांकित करते हुए भारत-यूरोपियन यूनियन के मध्य गतिशीलता के अवसरों के साथ उत्तर प्रदेश की रोजगार संभावनाओं के बारे में चर्चा की गई।

## आशापति शास्त्री ने विश्वविद्यालय प्रेस व्यवस्थापक का कार्यभार ग्रहण किया

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** आशापति शास्त्री ने विश्वविद्यालय प्रेस में प्रेस व्यवस्थापक के रूप में



विधिवत् कार्यभार ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि वे वर्ष 2005 में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर नियुक्त हुए थे। उनके उत्कृष्ट कार्यों को दृष्टिगत रखते हुए मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा संचालित अखिल भारतीय सर्वेक्षण का प्रभारी दायित्व भी उन्हें सौंपा गया, जिसका वे वर्तमान में सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने कहा कि वर्तमान आधुनिक युग में कंप्यूटरीकरण एवं तकनीकी उन्नयन अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर उन्होंने कुलपति, कुलसचिव, प्रेस प्रभारी एवं परीक्षा नियंत्रक के प्रति आभार प्रकट किया।

## होली से पहले मिल जाना चाहिए मानदेय



**● आशा कार्यकर्ताओं के भुगतान को लेकर डीएम ने दिये सख्त निर्देश**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के कार्य में प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोलापुर एवं मिसिरपुर के चिकित्सा अधीक्षकों को कड़ी फटकार लगाई तथा कार्य में त्वरित सुधार के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आशा कार्यकर्ताओं सहित राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के समस्त कर्मियों का मानदेय होली पर्व से पूर्व हर हाल में भुगतान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में जनपद स्तरीय चिकित्सालयों के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक, अपर एवं उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।




## एक घंटे में लगाए जाएंगे तीन लाख पौधे

**● महापौर ने पचास समर्थकों को साथ लाने की सभासदों से की अपील**



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** आगामी एक मार्च को रामनगर के डोमरी में एक महाभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत मात्र एक घंटे के भीतर तीन लाख पौधे रोपे जाएंगे। इस विशाल लक्ष्य के साथ नगर निगम का उद्देश्य न केवल शहर की हरियाली बढ़ाना है, बल्कि इस उपलब्धि को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी दर्ज कराना है। इस महाभियान को सफल बनाने के लिए गुरुवार को महापौर अशोक कुमार तिवारी ने सिगरा स्थित नगर निगम सभागार में पार्षदों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। महापौर ने सभी पार्षदों से एक मार्च को कम से कम 50 की संख्या में समर्थकों के साथ डोमरी पहुंचने की अपील की । इससे पहले महापौर ने जिला प्रशासन व नगर निगम के अधिकारियों के साथ डोमरी का स्थलीय निरीक्षण भी किया।

## मंत्री ने किया शिव प्रसादम् का वितरण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** शहर के गिरजाघर चौराहे पर मारवाड़ी युवा फाउंडेशन एवं वंदना सिल्क के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को श्रद्धालुओं के बीच शिव प्रसादम् वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार के आयुष मंत्री डा. दयाशंकर मिश्र दयालु मुख्य रूप से शामिल हुए और स्वयं श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित कर सेवा भाव का संदेश दिया। इस अवसर पर कन्हैया लोहिया, उमेश जोगई, गौरव राठी, प्रमोद राय, सुनील मिश्रा, सौरभ राय, विशाल रघुवंशी, आकाश सेठ आदि उपस्थित रहे।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## मीरजापुर समाचार

### हाईवा ये टक्कर के बाद 50 मीटर तक घिसटता रहा बाइक सवार, मौत



**हलिया।** भटवारी पहड़ी मोड़ पर बृहस्पतिवार की दोपहर तीन बजे हाईवा की टक्कर के बाद 50 मीटर घिसटने के बाद बाइक सवार इंद्रमणि धरकार (38) की मौत हो गई। पुलिस ने शिनाख्त कराकर परिजनों को सूचना दी।
मतवरिया गांव निवासी इंद्रमणि धरकार बृहस्पतिवार की दोपहर बाइक से हलिया बाजार सामान लेने आया था। सामान लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। तभी मध्य प्रदेश के इमलिया से मड़िहान गिट्टी लाद कर जा रहे हाईवा ने बाइक में टक्कर मार दी। भटवारी पहड़ी मोड़ के पास टक्कर के बाद बाइक सवार हाईवा के पहिए के नीचे आ गया। 50 मीटर घिसटता चला गया। जिससे बाइक सवार इंद्रमणि का शरीर क्षत-विक्षत हो गया। मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों ने चालक को पकड़कर पुलिस को सौंपा।
पुलिस ने शिनाख्त कराकर परिजनों को सूचना दी। मौत की जानकारी मिलने पर पत्नी अनीता का रो-रोकर हाल बेहाल हो गया। इंद्रमणि के परिवार में चार बेटियां और एक बेटा है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव बताया कि हाईवा के टक्कर से बाइक सवार की मौत हो गई।

## देवरिया समाचार

### 10 चौकी प्रभारियों की ट्रांसफर-पोस्टिंग

**देवरिया।** पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन ने देवरिया जनपद में अपराध नियंत्रण के उद्देश्य से बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। इस आदेश के तहत 10 चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है, जबकि पांच अन्य पुलिसकर्मियों का तबादला हुआ है। इसके अतिरिक्त, श्रीरामपुर में तैनात एक हेड कांस्टेबल को लापरवाही के आरोप में लाइन हाजिर कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार, सदर कोतवाली के भुजौली चौकी प्रभारी आशीष राय को श्रीरामपुर थाना के प्रतापपुर चौकी का प्रभारी बनाया गया है।
कोतवाली में तैनात मनीष सिंह को भुजौली चौकी की जिम्मेदारी दी गई है। श्रीरामपुर के प्रतापपुर चौकी प्रभारी राघवेंद्र सिंह को बरहज के कपरवार चौकी भेजा गया है, जबकि बरहज के कपरवार चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार को बनकटा के रामपुर बुजुर्ग चौकी का प्रभार सौंपा गया है।

## भदोही समाचार

### कालीन उद्योग पर फिर से संकट, अब रोडटेप और कैप में उलझे निर्यातक



**भदोही।** भारत सरकार ने एक बार फिर उद्यमियों को जोर का झटका धीरे से देते हुए रोडटेप के तहत मिलने वाले लाभ को एक झटके में घटाकर आधा कर दिया है। महानिदेशक विदेश व्यापार कार्यालय से 23 फरवरी को इस आशय की अधिसूचना जारी होने के बाद कालीन उद्यमियों में निराशा है।
उद्यमियों की मानें तो ड्यूटी ड्राबैक के स्थान पर सरकार ने रोडटेप की शुरुआत की थी। रोडटेप की दरें ड्राबैक की दरों से काफी कम होने के बाद भी अब सरकार ने रोडटेप में मिलने वाले लाभ को आधा कर दिया है। इससे पूरा उद्योग सकते में हैं। ड्राबैक की दरें पहले 12 प्रतिशत हुआ करती थी। सरकार ने ड्राबैक बंद करके रोडटेप की शुरूआत की। इसमें कालीन उद्योग पर दरें लगभग तीन प्रतिशत तक कर दी। इतना ही नहीं इन दरों पर सरकार ने अधिकतम 30 रुपये का कैप लगा दिया। इस बीच ट्रंप के टैरिफ से उपजी समस्याओं को देखते हुए लोग कैप हटाने की मांग कर रहे थे तभी रोडटेप में मिल रही धनराशि को घटाकर 50 प्रतिशत कर दिए जाने से सभी निर्यातक हतप्रभ हैं। इसका केवल कालीन निर्यातक ही नहीं बल्कि फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट आर्गनाईजेशन (फियो) भी विरोध जता रहा है।

## सुल्तानपुर समाचार

### बेकाबू ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौत

**चांदा।** प्रतापपुर कमैचा निवासी श्याम बहादुर की पत्नी कविता (40) बृहस्पतिवार सुबह करीब 06:30 बजे घर से टहलने के लिए हाईवे पर निकलीं। इस बीच सुल्तानपुर से वाराणसी की ओर जा रहे अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रक पलट गया और चालक और खलासी ने कूदकर अपनी जान बचाई।
प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कविता सड़क के किनारे टहल रही थीं। तभी पीछे से बेकाबू ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। दुर्घटना के बाद ट्रक पलट गया। ग्रामीणों ने गंभीर रूप से घायल कविता को प्रतापपुर कमैचा स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां, चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। ट्रक छोड़कर चालक व खलासी भाग निकले। मृतका के पति श्याम बहादुर ठेला लगाते हैं। उनके दो बेटे हैं। बड़े पुत्र अभिषेक ने चांदा थाने में ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर दी है।

## आजमगढ़ समाचार

### होली-ईद पर घर लौटना मुश्किल, अधिकांश ट्रेनों में वेटिंग 100 पार, 'नो रूम' की स्थिति



**फूलपुर।** होली और ईद पर्व के मद्देनजर घर लौटने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। भारतीय रेल की लंबी दूरी की अधिकांश ट्रेनों में वेटिंग 100 के पार पहुंच चुकी है, जबकि कई ट्रेनों में 'नो रूम' की स्थिति बनी है। इससे यात्रियों को टिकट के लिए भारी जद्दोजहद करनी पड़ रही है।आजमगढ़ होकर गुजरने वाली गोदान एक्सप्रेस, कैफियात एक्सप्रेस, साबरमती एक्सप्रेस, सरयू-यमुना एक्सप्रेस, ताप्ती गंगा एक्सप्रेस, मऊ-आनंद विहार एक्सप्रेस, गरीब नवाज एक्सप्रेस और उत्सर्ग एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनों में वेटिंग लंबी हो गई है। शादी का सीजन होने के कारण भी ट्रेनों में भीड़ और अधिक बढ़ गई है। सबसे ज्यादा परेशानी मुंबई से आने वाले यात्रियों को हो रही है। गोदान एक्सप्रेस में सबसे लंबी वेटिंग चल रही है और मार्च माह तक सीट मिलना मुश्किल हो गया है। कैफियात एक्सप्रेस में करीब 50 तक वेटिंग है, जबकि गोदान, साबरमती और सरयू-यमुना एक्सप्रेस में वेटिंग 100 के पार पहुंच चुकी है। तत्काल टिकट के लिए यात्री सुबह से ही आरक्षण केंद्रों पर लाइन लगा रहे हैं। आरक्षण केंद्र खुलते ही तत्काल टिकट खत्म हो जा रहा है और कई यात्रियों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है। स्लीपर से लेकर एसी कोच तक में एक-एक सीट के लिए मारामारी की स्थिति बनी हुई है।

## प्रयागराज समाचार

### इनर रिंग रोड के दूसरे चरण में 300 हेक्टेयर जमीन होगी अधिग्रहित, चार तहसीलों में होगा अधिग्रहण



**प्रयागराज।** इनर रिंग रोड के दूसरे फेज को लेकर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने तैयारियां शुरू हो गई है। इसी कड़ी में भूमि अधिग्रहण को लेकर सर्वे का काम शुरू हो गया है। दूसरे फेज में चार तहसीलों की 300 हेक्टेयर भूमि को अधिग्रहित किया जाएगा। वहीं तीन महीने के भीतर दूसरे फेज का डीपीआर तैयार कर हो जाएगा। एनएचएआई की तरफ से दूसरे फेज में 48 किलोमीटर की रोड का निर्माण किया जाना है। जिसके लिए प्रयागराज जनपद की सदर, सोरांव, करछना और कौशाम्बी की चायल तहसील के करीब 25 गांवों की भूमि अधिग्रहित की जाएगी। ऐसे में करीब तीन महीने के भीतर भूमि अधिग्रहण का काम पूरा कर लिया जाएगा। जिसके बाद डीपीआर को मंजूरी मिलते ही दूसरे फेज का काम शुरू हो जाएगा। दो साल में दूसरे फेज का काम पूरा किया जाना है। गंगा पर 3.5 किमी और यमुना पर 1.2 किमी का पुल, चार फ्लाईओवर, तीन आरओबी और 120 छोटे अंडरपास का निर्माण किया जाना है। पैकेज तीन -रीवा रोड (मिर्जापुर रोड) से एसनएच-2 (सहसों बाईपास) तक सड़क का निर्माण पूरा हो चुका है। जिसमें लवायन कला से शुरू होकर सहसों बाईपास तक लगभग 29.466 किमी का की सड़क का काम पूरा हो चुका है। इनमें कई अंडरपास और फ्लाईओवर शामिल हैं।
पैकेज दो- नैनी और झूंसी को जोड़ने वाला सिक्स-लेन ब्रिज (पुल) और उससे जुड़ी सड़क का निर्माण किया जाना है। जिसमें गंगा नदी पर लगभग 3.2 किमी लंबा पुल का निर्माण करीब 51 फीसदी पूरा हो चुका है। दूसरे फेज को लेकर भूमि अधिग्रहण की तैयारियां शुरू हो गई है। जिसके लिए चार तहसील की भूमि अधिग्रहित की जाएगी। वहीं तीन महीने के भीतर डीपीआर तैयार हो जाएगा।

## चंदौली समाचार

### रामनगर औद्योगिक क्षेत्र फेज-2 के प्रवेश मार्ग को चौड़ा कराएं : डीएम

**चंदौली।** कलेक्ट्रेट सभागार में बृहस्पतिवार को डीएम चंद्र मोहन गर्ग की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु की बैठक हुई। इसमें औद्योगिक क्षेत्रों में की समस्याओं पर चर्चा हुई।जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकरियों को रामनगर औद्योगिक क्षेत्र फेज-2 के प्रवेश मार्ग को चौड़ा करने का निर्देश दिया। इसके अलावा डीएम ने शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। कहा कि किसी भी आवेदन को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में औद्योगिक इकाइयों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जाएं। उद्यमियों ने डाबरिया, धानापुर में निर्माणाधीन सीबीजी प्लांट के लिए दो किलोमीटर सड़क निर्माण की

## जौनपुर समाचार

### पूर्वांचल विश्वविद्यालय में छात्रवृत्ति आवेदन में गड़बड़ी




**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-25 की छात्रवृत्ति प्रक्रिया में अनियमितता पर संज्ञान लिया है। समीक्षा के दौरान पता चला कि विश्वविद्यालय में निर्धारित सीट संख्या से अधिक छात्रवृत्ति आवेदन पोर्टल पर अपलोड किए गए हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन की जांच में यह सामने आया कि कुछ महाविद्यालयों ने स्वीकृत सीटों की संख्या से अधिक आवेदन स्कॉलरशिप पोर्टल पर डाल दिए। इस गड़बड़ी के कारण वास्तविक छात्र संख्या का सत्यापन प्रभावित हुआ और पात्र छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति में बाधा आ सकती है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय ने संबंधित महाविद्यालयों को निर्देश दिया है कि वे तत्काल प्रभाव से आवेदन फार्मों की जांच करें और वास्तविक नामांकन के अनुसार उनमें संशोधन करें। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि जांच में जानबूझकर की गई गड़बड़ी या लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित महाविद्यालयों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता का निधन

**जौनपुर।** क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का शुक्रवार सुबह करीब 4.36 बजे निधन हो गया। वे 60 साल के थे। उन्हें फोर्थ स्टेज लिवर कैंसर था। कुछ दिन पहले उनकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई थी, जिसके बाद उन्हें अलीगढ़ से ग्रेटर नोएडा के प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। वहां उन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। पार्थिव शरीर को अलीगढ़ ले आया गया है। यहीं पर अंतिम संस्कार होगा। रिंकू भी चेन्नई से रवाना हो चुके हैं। थोड़ी देर में अलीगढ़ पहुंचेंगे। इससे पहले, पिता की तबीयत बिगड़ने की सूचना मिलते ही रिंकू सिंह मंगलवार को टीम इंडिया का साथ छोड़कर नोएडा पहुंचे थे। उन्हें टी-20 विश्वकप का प्रैक्टिस सेशन छोड़ना पड़ा था।

## गाजीपुर समाचार

### जिला जज ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलाई शपथ



**गाजीपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर में बृहस्पतिवार को सेंट्रल बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जनपद न्यायाधीश धर्मेंद्र कुमार पांडेय ने सभी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। जनपद न्यायाधीश धर्मेंद्र कुमार पांडेय ने एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में निर्वाचित हुए अध्यक्ष शिवशंकर सिन्हा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र नाथ उपाध्याय, महासचिव धर्मेंद्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह और यशवंत यादव, कोषाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह, सहसचिव (प्रशासन) राजेश कुमार श्रीवास्तव के साथ ही कार्यकारिणी के 12 सदस्यों को शपथ दिलाई है।

## सोनभद्र समाचार

### मा राज्यपाल जी द्वारा विभिन्न विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, किट एवं सामग्री का वितरण किया

**सोनभद्र।** प्रदेश की मा0 राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने सोनभद्र जनपद के विकास भवन स्थित पंचायत रिसोर्स सेन्टर में विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, किट एवं सामग्री का वितरण किये।
उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्री-स्कूल किट (200), पोषण अभियान के अंतर्गत पोषण पोटली (200), आयुष्मान कार्ड (500), वनाधिकार पट्टा (50), मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति-पत्र (10), प्रधानमंत्री सूर्य योजना के (10) एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान के अन्तर्गत (10) लाभार्थियों, मोटराइज्ड दोना मशीन (2) सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रतिभागी रहे बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। 10 अनाथ बच्चियों को 1100 रूपये का चेक प्रदान किया गया। माननीया राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि 200 आंगनबाड़ियों को किट उपलब्ध कराई गई हैं। प्रत्येक किट में कुर्सी, साइकिल सहित 22 से 23 प्रकार के उपकरण बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु दिए जाते हैं, ताकि गरीब परिवारों के बच्चे भी सुगमता से पढ़ सकें और आगे बढ़ सकें। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा जो वनाधिकार के तहत लाभार्थियों को पट्टा दिया जा रहा है, इसके साथ ही वनाधिकार खतौनी का वितरण किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा किये जाने वाला यह कार्य सराहनीय है। उन्होंने कहा कि राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा जो भी योजनाएं संचालित होती है, उसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक के लोगों को मिले।

## मऊ समाचार

### होली से पहले बांटे अनाज, नालियों की कराएं सफाई : डीएम

**मऊ।** होली पर्व को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से डीएम की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शांति समिति की बैठक हुई। बिजली, पानी, सफाई, खाद्यान्न सहित अन्य समस्याओं से अवगत कराया गया।
डीएम ने नगर पालिका मऊ के अधिशासी अधिकारी को सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा नालियों की सफाई और पानी की व्यवस्था, सड़क की सफाई कराने को कहा। बिजली निगम के अधिशासी अभियंता से बिजली के जर्जर तारों को ठीक कराने को कहा, जिससे निर्धारित मानक के अनुसार बिजली आपूर्ति की जा सके। जिला पूर्ति अधिकारी से त्यौहार से पहले खाद्यान्न का वितरण कराने कहा।

## गोरखपुर समाचार

### इंटर की परीक्षा देकर निकले छात्र से कहासुनी में मारपीट, ईंट मारकर ले ली जान





**गोरखपुर।** पादरी बाजार कोतवाली इलाके के बेनीगंज स्थित डीबी इंटर कॉलेज में बुधवार शाम यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट की परीक्षा खत्म होने के बाद छात्रों में मामूली बात पर मारपीट हो गई। आरोप है कि एक छात्र सत्यम कुमार गौड़ ने ईंट से छात्र अंकुर सिंह (18) के सिर पर वारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। लखनऊ में इलाज के दौरान अंकुर की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी छात्र सत्यम कुमार गौड़ को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्तअजानकारी के मुताबिक, कुशीनगर जिले के अहिरौली इलाके के सोमली पेमली गांव निवासी जनार्दन सिंह विदेश में काम करते थे। लगभग 14 साल पहले शाहपुर इलाके के तिनकोनिया नंबर एक स्थित सरदार पटेल नगर कॉलोनी में मकान बनवाया है। उनकी पत्नी, दो बेटे और बेटी यहां रहते हैं। उनका 18 वर्षीय बेटा अंकुर सिंह पादरी बाजार स्थित ईस्टर्नपुर में सेंट मेरी इंटर कॉलेज में इंटर का छात्र था। उसका सेंटर डीबी इंटर कॉलेज में गया था। बुधवार को दूसरी पाली में वह फिजिक्स की परीक्षा देने गया था। आरोप है कि परीक्षा खत्म होने के बाद साइकिल स्टैंड में एम्स इलाके के छात्र सत्यम कुमार गौड़ से उसकी मामूली बात पर बहस हो गई। इसी दौरान आरोपी छात्र ने ईंट से अंकुर सिंह पर हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से अंकुर वहीं गिरकर अचेत हो गया। इससे स्कूल में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस परिजनों को सूचना देने के साथ छात्र को जिला अस्पताल ले गई। वहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख लखनऊ रेफर कर दिया।
परिजन रात एक बजे के करीब लखनऊ लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान छात्र की मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद शव बृहस्पतिवार की देर शाम घर लाया गया। अंकुर के बड़े भाई अमन सिंह ने कोतवाली थाने में तहरीर देकर आरोपी छात्र के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई।

## बलिया समाचार

### आठ दिन का होलाष्टक शुरू: क्या करें, क्या न करें




**बलिया।** होलाष्टक दो शब्दों से मिलकर बना है, 'होली' व 'अष्टक' जिसका अर्थ है आठ दिनों की अवधि। यह फाल्गुन शुक्ल अष्टमी से लेकर 'होलिका दहन' तक रहता है। होलाष्टक 24 फरवरी से शुरू होकर 3 मार्च तक रहेगा। इस दौरान कोई भी मांगलिक कार्य करना निषेध होता है। होलाष्टक के साथ मौसम परिवर्तन शुरू हो जाता है। सूर्य का प्रकाश तेज होता है। हवाएं ठंडी रहती हैं। ऐसे में व्यक्ति रोग की चपेट में आ जाता है। इस समय मन की स्थिति अवसाद ग्रस्त रहती है। होलाष्टक के समय सभी ग्रह उग्र अवस्था में होते हैं। इसलिए इस दौरान जो शुभ कार्य किये जाते हैं, उनका उत्तम फल प्राप्त नहीं होता है। इसलिए मांगलिक कार्य करना निषेध माना जाता है। होलाष्टक में विवाह, गृहप्रवेश, नामकरण, मुंडन संस्कार व नये व्यवसाय की शुरुआत नहीं करनी चाहिए। यह समय भगवान विष्णु व नरसिंह भगवान की पूजा के लिए उत्तम माना जाता है। भगवान नरसिंह की पूजा करें व सूर्य भगवान को जल अर्पित करें। ग्रह दोष शमन के लिए सूर्य की पूजा, हनुमान चालीसा का पाठ करें व तामसिक भोजन न करें। होलिका दहन से पहले प्रहलाद पर अनेकानेक अत्याचार किए गए थे,

## लाइफ मंत्र

### 2026 का हिंदू नववर्ष होगा बेहद विशेष, 12 नहीं बल्कि 13 महीनों का बनेगा संवत्सर

वर्ष 2026 आध्यात्मिक और खगोलीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण रहने वाला है। हिंदू पंचांग की गणना के अनुसार, इस वर्ष ज्येष्ठ का महीना दो बार आएगा, जिसके कारण साल में 12 के बजाय कुल 13 महीने होंगे। 17 मई से 15 जून 2026 तक की इस अतिरिक्त अवधि को अधिक मास या पुरुषोत्तम मास कहा जाएगा।




**खगोलीय विज्ञान और अधिक मास का आधार**

अधिक मास का सीधा संबंध सूरज और चंद्रमा की चाल के बीच के अंतर को पाटने से है। वैज्ञानिक रूप से देखें तो एक चंद्र वर्ष लगभग 354 दिनों का होता है, जबकि सौर वर्ष 365 दिनों का। हर साल इन दोनों के बीच करीब 11 दिनों का फासला रह जाता है। जब यह अंतर बढ़ते-बढ़ते 30 दिनों के बराबर हो जाता है, तब पंचांग में संतुलन बनाए रखने के लिए एक अतिरिक्त महीना जोड़ दिया जाता है। इसी गणितीय गणना के कारण 2026 में ज्येष्ठ का महीना दो बार पड़ रहा है।

**पौराणिक कथा और पुरुषोत्तम नाम की महिमा**

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, जब इस अतिरिक्त महीने का कोई स्वामी नहीं था, तब भगवान विष्णु ने इसे अपना नाम 'पुरुषोत्तम' देकर इसे अत्यंत पवित्र बना दिया। इसी मास का संबंध भगवान नरसिंह और हिरण्यकश्यप के वध से भी जोड़ा जाता है। चूंकि हिरण्यकश्यप को वरदान था कि उसे साल के 12 महीनों में से कोई नहीं मार पाएगा, इसलिए भगवान ने इस 13वें महीने का सृजन कर अधर्म का अंत किया। यह समय धर्म की स्थापना और नकारात्मकता के विनाश का प्रतीक माना जाता है।

**साधना और आत्मचिंतन का विशेष समय**

पंडितों और विद्वानों का मानना है कि अधिक मास कोई अशुभ समय नहीं है बल्कि यह ईश्वर की भक्ति के लिए रिजर्व रखा गया समय है। 17 मई से 15 जून के बीच अधिक मास महात्म्य का पाठ करना या कथा सुनना बहुत शुभ होता है। यह अवधि हमें भागदौड़ भरी जिंदगी से ब्रेक लेकर आत्म-मंथन करने और अपनी आध्यात्मिक ऊर्जा को बढ़ाने के लिए प्रेरित करती है।

**वर्जित कार्य और विशेष सावधानी**

चूंकि यह समय पूरी तरह से ईश्वर की आराधना के लिए समर्पित है, इसलिए इस दौरान सांसारिक मांगलिक कार्यों पर रोक रहती है।

**अधिक मास में निम्नलिखित कार्य टाल देने चाहिए:**

विवाह और सगाई के कार्यक्रम।
नया व्यापार या दुकान की शुरुआत।
गृह प्रवेश और भूमि पूजन।
मुंडन, जनेऊ या अन्य संस्कार।

**दान-पुण्य और लोकहित का महत्व**

इस महीने में किए गए सत्कर्मों का फल कई गुना बढ़ जाता है। गरीबों को भोजन कराना, जरूरतमंदों की आर्थिक सहायता करना, हवन और गीता का पाठ करना इस समय की मुख्य प्राथमिकता होनी चाहिए। यह महीना हमें सिखाता है कि सेवा और सकारात्मक सोच ही जीवन में वास्तविक सुख और शांति लाती है।

# पहाड़ों पर बिछी बर्फ की चादर! ये Winter Destination बने जन्नत, बना लें घूमने का शानदार Plan



कई लोग ऐसे मौसम का इंतजार कर रहे थे। सर्दियों में घूमने का एक अलग ही मजा होता है। ऐसे में अगर आप भी घूमने का प्लान कर रहे हैं। तो आज हम आपको उन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर तापमान गिरने के कारण मौसम और भी ज्यादा शानदार हो गया है। सर्दियों में उत्तर भारत में कई जगहों का तापमान गिर गया है। राजस्थान से लेकर उत्तराखंड की पहाड़ियों तक ठंडी हवाओं ने दस्तक दे दी है। जहां राजस्थान में तापमान 3 डिग्री तक पहुंच गया है, तो वहीं दूसरी ओर उत्तराखंड में भी तापमान गिरने से सर्दी बढ़ गई है। लेकिन यह कड़ाके की ठंड आम लोगों के लिए परेशानी बढ़ा देती है। वहीं घूमने-फिरने के शौकीन लोगों के लिए यह मौसम किसी तोहफे से कम नहीं है। वहीं कई लोग ऐसे मौसम का इंतजार कर रहे थे। सर्दियों में घूमने का एक अलग ही मजा होता है। ऐसे में अगर आप भी घूमने का प्लान कर रहे हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर तापमान गिरने के कारण मौसम और भी ज्यादा शानदार हो गया है।

**नीति घाटी घूमें**

उत्तराखंड के चमौली जिले में स्थिति नीति घाटी का तापमान 10 डिग्री तक पहुंच गया है। ऐसे में जिन लोगों को ठंड में घूमना पसंद है, उनके लिए यह जगह काफी बेस्ट हो सकती है। भीड़ से दूर पहाड़ों में असली शांति वाली जगह ढूंढने वाले लोगों को यहां जाना चाहिए। यहां पर आपको साफ आसमान और बर्फीले पहाड़ देख सकते हैं। वहीं आप यहां पर स्थानीय संस्कृति, प्राचीन गांव, नंदा देवी नेशनल पार्क और एडवेंचर और ट्रैकिंग का मजा का उठा सकती हैं।

**एक्सप्लोर करें मुनस्यारी**

अगर आपको असली ठंड का मजा लेना है, तो आपको पिथौरागढ़ जिले में स्थित मुनस्यारी का खूबसूरत नजारा देखने जा सकती हैं। मुनस्यारी की समुद्र तल से ऊंचाई करीब 2200 मीटर है। इसको लिटिल कश्मीर के नाम से भी जाना जाता है।

**क्यों खास है चोपता**

अगर आप उत्तराखंड के मिनी स्विट्जरलैंड का खूबसूरत नजारा देखना चाहते हैं। तो आप चोपता जाने का प्लान कर सकती हैं। चोपता रुद्रप्रयाग जिले में स्थित है। आप यहां पर चंद्रशिला ट्रेक और नाथ मंदिर घूम सकते हैं। ज्यादातर लोग चंद्रशिला ट्रेक पर ट्रेकिंग के लिए जाते हैं। इन जगहों के अलावा आप मुक्तेश्वर और औली में नेचर और पिक्चर परफेक्ट नजारे देख सकते हैं।



# Delhi से Jaisalmer का Weekend Trip प्लान करें, 3 दिन में घूमें रेगिस्तान और Royal किले

**राजस्थान में आप कैंपिंग, रेगिस्तान और रॉयल पैलेसेस को देख सकते हैं। इन तीनों के लिए जैसलमेर सबसे अच्छा ऑप्शन है। अगर आप दिल्ली में रहते हैं, तो हम आपको तीन दिन के ट्रिप प्लान के बारे में बताने जा रहे हैं।**

भारत में एक से बढ़कर एक घूमने की जगहें मौजूद हैं। वहीं देश में घुमक्कड़ों की भी कमी नहीं है। जब भी सबसे खूबसूरत राज्यों की बात की जाती है, तो राजस्थान का नाम जरूर लिया जाता है। राजस्थान में कई ऐसे शहर हैं, जहां पर पूरे साल पर्यटकों की भीड़ लगी रहती है। यहां पर आप कैंपिंग, रेगिस्तान और रॉयल पैलेसेस को देख सकते हैं। इन तीनों के लिए जैसलमेर सबसे अच्छा ऑप्शन है। अगर आप दिल्ली में रहते हैं, तो हम आपको तीन दिन के ट्रिप प्लान के बारे में बताने जा रहे हैं। इन तीन दिनों की ट्रिप में आप जैसलमेर की कई खूबसूरत जगहों को एक्सप्लोर कर सकेंगे।

**जैसलमेर और रॉयल विरासत**

ट्रिप के पहले दिन सुबह जैसलमेर रेलवे स्टेशन या एयरपोर्ट पहुंचकर होटल जा सकते हैं। फिर आप जैसलमेर शहर घूमने निकल सकती हैं। सबसे पहले जैसलमेर फोर्ट जाएं, जिसको सोनार किला भी कहा जाता है। जैसेलमेर किली पीले पत्थरों से बना है। यह फोर्ट यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज की लिस्ट में शामिल है। इसकी खासियत यह है कि यहां आज भी लोग रहते हैं। किले के अंदर घर, संकरी गलियां, दुकानें और मंदिर देखने को मिलते हैं। किले के अंदर जैन मंदिर बने हैं। इन मंदिरों की नक्काशी बहुत बारीकी से की गई है। यह देखने में काफी खूबसूरत लगते हैं। आप यहां पर पटवों की हवेली का रुख कर सकती हैं। यह पांच हवेलियों का एक ग्रुप है। यहां की बालकनी, खिड़कियां और दीवारों की डिजाइन में शाही दौर की झलक देखने को मिलेगी। वहीं शाम के समय आप गड़िसर झील पर जा सकती हैं। यहां पर सनसेट का नजारा बहुत खूबसूरत होता है। रात में पास के लोकल मार्केट में घूमकर हैंडीक्राफ्ट, ज्वेलरी और राजस्थानी कपड़ें खरीद सकती हैं।

**रेगिस्तान और डेजर्ट कैंप**

ट्रिप के दूसरे दिन आप कुलधरा गांव की ओर जा सकती हैं। यह एक रहस्यमयी और पुराना गांव है, जहां पर अब कोई भी नहीं रहता है। यहां पर सिर्फ पर्यटकों का आना-जाना होता है। इसके पास खाबा फोर्ट है, जहां से आपको रेगिस्तान का बहुत अच्छा नजारा देखने को मिलेगा। फिर आप लोधरवा जैन मंदिर जा सकती हैं। इसके बाद सम सैंड ड्यून्स जाना न भूलें। क्योंकि यह जैसलमेर का सबसे फेमस रेगिस्तानी इलाका है। आप यहां पर जीप सफारी या कैमल सफारी का मजा ले सकती हैं। शाम को रेत पर डूबता हुआ सूरज देख सकते हैं। रात में डेजर्ट कैंप में स्टे कर सकती हैं। आप यहां पर म्यूजिक, लोकनृत्य, राजस्थानी खाने और बोनफायर का मजा ले सकते हैं।

**तनोट माता मंदिर और बॉर्डर एरिया**

तीसरे दिन सुबह जल्दी उठकर आप तनोट माता मंदिर के दर्श? के लिए जा सकती है। यह मंदिर भारत-पाकिस्तान के बॉर्डर पर है। इसके बाद आप लोंगेवाला वॉर मेमोरियल देखने जा सकते हैं। आपको यहां पर साल 1971 की जंग से जुड़ी चीजें देखने को मिलेंगी। चारों ओर फैला रेगिस्तान और लंबी सड़कें देखने लायक होती हैं।

**घूमने का अच्छा समय**

बता दें कि जैसलमेर घूमने का सबसे अच्छा समय अक्तूबर से लेकर मार्च का होता है। इस दौरान अपने साथ हल्के ऊनी कपड़े और सनस्क्रीन जरूर साथ रखें। डेजर्ट सफारी के लिए आरामदायक कपड़े पहनें। आप यहां पर बस, ट्रेन, हवाई जहाज या अपनी गाड़ी से पहुंच सकती हैं। वहीं अगर आपको ज्यादा छुट्टी नहीं मिल पा रही हैं, तो आप फ्राइडे की एक दिन की छुट्टी लेकर वीकेंड पर यहां घूमने का प्लान कर सकते हैं। इससे आपकी ट्रिप यादगार बन जाएगी।

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358


लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Exclusive Wear House
KIDS MENS TEENAGERS
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch
9324652370
Bandra Branch
8108888280
HEAD OFF.: SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682

# IRCTC का SundeRans टूर पैकेज, बेहद कम बजट में मैंग्रोव जंगल घूमने का Golden Opportunity



रेलवे की ओर से लाइव किए गए सुंदरबन टूर पैकेज में दी जाने वाली सभी सुविधाओं की जानकारी पहले से ही यात्रियों को दी जा रही है। ऐसे में अगर आपको बजट और पैकेज में दी जाने वाली सुविधाएं पसंद आती हैं, तो आप इस टूर पैकेज के लिए बुकिंग कर सकते हैं। इससे पहले सुंदरबन टूर पैकेज रेलवे की ओर से कभी लाइव नहीं किया गया है। इसलिए इसको यात्रियों के लिए अच्छा माना जा रहा है। वहीं जिन लोगों को यहां की ट्रिप को लेकर सबसे बड़ी परेशानी प्लानिंग, खर्च और सुरक्षित ट्रांसपोर्ट को लेकर होती है। उनके लिए सुंदरबन का यह टूर पैकेज सबसे सुनहरा मौका है। रेलवे की ओर से लाइव किए गए सुंदरबन टूर पैकेज में दी जाने वाली सभी सुविधाओं की जानकारी पहले से ही यात्रियों को दी जा रही है। ऐसे में अगर आपको बजट और पैकेज में दी जाने वाली सुविधाएं पसंद आती हैं, तो आप इस टूर पैकेज के लिए बुकिंग कर सकते हैं।

**सुंदरबन टूर पैकेज**

इस टूर पैकेज की शुरूआत कोलकाता से 01 फरवरी 2026 से हो चुकी है। यह टूर पैकेज 2 रात और 3 दिन का है। इस टूर पैकेज का कोड EHH138 है। 01 फरवरी से 31 मार्च 2026 तक कोलकाता से हर दिन टूर पैकेज बुक कर सकेंगे। इस टूर पैकेज में आपको कैब से यात्रा करवाई जाएगी। इस टूर पैकेज का नाम 'SUNDARBANS DISCOVER OF MAN-GROVES' है।

**टूर पैकेज फीस**

अगर आप दो लोगों के साथ यात्रा करते हैं, तो प्रति व्यक्ति 11,950 रुपए पैकेज फीस है। वहीं 3 लोगों के साथ यात्रा करने पर 11,650 रुपए प्रति व्यक्ति पैकेज फीस है। बच्चों के लिए 7,850 रुपए पैकेज फीस है।

**सुविधाएं**

पर्यटकों को कोलकाता से पिकअप और ड्रॉप मिलेगा। गोडखाली से पिकअप और ड्रॉप और नाव से यात्रा करने का मौका मिलेगा। यात्रियों को रिसॉर्ट में स्टे कराया जाएगा। वहीं खाना मेन्यू के हिसाब से मिलेगा। जिसें 2 दिन नाश्ता ҙ 3 दिन दोपहर का खाना + 2 दिन रात का खाना शामिल है। एक दिन शाम को पर्यटकों को सांस्कृतिक कार्यक्रम दिखाया जाएगा। यात्रा बीमा और जीएसटी शामिल है। आप भारतीय रेल की ऑफिशियल वेबसाइट से टिकट बुक कर सकते हैं।

**नहीं शामिल हैं ये सुविधाएं**

अगर आप व्यक्तिगत खर्च जैसे लॉन्ड्री, रूम हीटर, टेलीफोन कॉल और मिनलर वॉटर जैसी कोई सुविधा लेते हैं। तो इसके लिए आपको अलग से पैसे देने होंगे। गाइड शुल्क और टूरिस्ट स्पॉट पर प्रवेश शुल्क लगता है, तो यह भी आपको अलग से देना होगा। जंगल सफारी कार शुल्क भी अलग से देना होगा। अगर यात्रा के दौरान किसी भी तरह की दुर्घटना या अप्रिय घटना होती है, तो इसके लिए कंपनी उत्तरदायी नहीं है। इस पैकेज में हवाई टिकट और ट्रेन टिकट की सुविधा शामिल नहीं है।

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्त्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पुरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170